भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2771

05 अगस्त, 2026 के लिए प्रश्न

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भंडारण क्षमता

2771. श्री शशांक मणि:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में संचालित खरीद केंद्रों, भंडारण क्षमता और उचित दर की दुकानों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान खरीदे गए गेहूं और धान की मात्रा का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस क्षेत्र में भंडारण अवसंरचना के निर्माण और आधुनिकीकरण के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पूर्वी उत्तर प्रदेश में वैज्ञानिक भांडागारण को बढ़ाने और खरीद संबंधी संभारतंत्र में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2025-26 और रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2026-27 के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश में जिला-वार खरीद केंद्रों का विवरण तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में कार्यरत उचित दर दुकानों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास स्वयं की और किराये की क्षमता सहित कुल 65.74 लाख टन कवर्ड भंडारण क्षमता उपलब्ध है। जिसमें से राज्य में 18 स्थानों पर 8.75 लाख टन के स्टील साइलो कार्यरत है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में खरीदे गए गेहूं और धान का जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने उत्तर प्रदेश सहित देश में वैज्ञानिक भांडागारण को बढ़ावा देने और इसे आधुनिक बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

स्मार्ट भांडागारण परियोजना: इस परियोजना के तहत, पारंपरिक डिपो को स्मार्ट भांडागारण में परिवर्तित किया जा रहा है, जो धुआं सेंसर, अग्नि सेंसर और गेट खोलने वाले सेंसर आदि जैसे विभिन्न सेंसरों से सुसज्जित हैं ताकि कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), फॉस्फीन के स्तर, आग के खतरे, आर्द्रता, अनधिकृत प्रवेश और तापमान जैसे प्रमुख मापदंडों की वास्तविक समय के आधार पर निगरानी की जा सके।

...2/-

स्मार्ट भांडागार सभी डिपो में वास्तविक समय में दृश्यता, समय पर हस्तक्षेप, डाटा-आधारित निर्णय लेने और मानकीकृत प्रचालन सुनिश्चित करता है, जिससे सुरक्षित, सुगम और कुशल खाद्यान्न भंडारण और वितरण सुनिश्चित होता है।

डिपो दर्पण पोर्टल: डिपो दर्पण पोर्टल, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) द्वारा शुरू किया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, ताकि खाद्य वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत खाद्यान्न भंडारण डिपुओं और भांडागारों की निगरानी, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जा सके।

डिपो दर्पण की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य:

क. डिपो/भांडागार प्रबंधक, अवसंरचना और प्रचालनों के संबंध में जियो-टैग किए गए डाटा को अपलोड करके अपने डिपुओं की अवसंरचना का आकलन करते हैं।

ख. पोर्टल एक समग्र स्कोरिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जो डिपो का आकलन दो व्यापक श्रेणियों - अवसंरचना और प्रचालन मापदंडों के आधार पर करता है।

ग. स्कोर के आधार पर डिपो को ग्रेड दिया जाता है।

घ. डाटा के सत्यापन प्रक्रिया में ही समाहित है जिसमें पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा 100% सत्यापन किया जाता है।

ङ. एफसीआई के स्वयं के और किराए पर लिए गए सभी गोदाम डिपो दर्पण पोर्टल के तहत शामिल हैं।

साइलो- खाद्यान्न का वैज्ञानिक भंडारण: साइलो भंडारण खाद्यान्न के थोक भंडारण की एक अत्याधिक मशीनीकृत और आधुनिक विधि है, जो बेहतर संरक्षण और बढ़ी हुई शेल्फ लाइफ सुनिश्चित करती है। पारंपरिक भंडारण विधियों की तुलना में इसमें केवल एक तिहाई भूमि की आवश्यकता होती है, परिवहन और अन्य खर्चों में कमी आती है जैसे बोरी से जुड़े खर्च, श्रम की आवश्यकता कम होती है, और वैज्ञानिक तरीके से भंडारण और रखरखाव प्रक्रियाओं के माध्यम से गुणवत्ता में निरंतरता सुनिश्चित होती है।

इस क्षेत्र में भंडारण अवसंरचना के आधुनिकीकरण हेतु आवंटित एवं उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा मे दिनांक 05.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2771 के भाग (क) के उत्तर मे उल्लिखित अनुबंध

पूर्वी उत्तर प्रदेश में खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2025-26 और रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2026-27 के लिए जिलावार खरीद केंद्रों का विवरण और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में कार्यरत उचित मूल्य दुकानों का विवरण।

क्र. सं.	जिला	पीसी की संख्या		दुकानों की संख्या
		केएमएस 2025-26	आरएमएस 2026-27	
1.	अमेठी	111	106	766
2.	अंबेडकरनगर	115	88	1122
3.	अयोध्या	77	65	977
4.	बाराबंकी	114	91	1382
5.	सुल्तानपुर	109	109	1081
6.	आजमगढ़	86	80	2150
7.	बलिया	82	89	1396
8.	मऊ	50	62	1020
9.	इटावा	39	70	648
10.	औरैया	31	57	608
11.	कन्नौज	27	44	645
12.	कानपुर देहात	57	57	789
13.	कानपुर नगर	47	68	1383
14.	फर्रुखाबाद	19	46	788
15.	कुशीनगर	81	85	1440
16.	गोरखपुर	159	119	1857
17.	देवरिया	111	106	1454
18.	महाराजगंज	180	163	1024
19.	चित्रकूट	15	36	441
20.	बाँदा	34	64	716
21.	महोबा	0	41	381
22.	हमीरपुर	4	60	484
23.	गोंडा	117	104	1399
24.	बलरामपुर	40	56	874
25.	बहराईच	154	174	1296
26.	श्रावस्ती	38	36	450
27.	कौशांबी	47	43	586
28.	प्रतापगढ़	80	71	1364
29.	प्रयागराज	178	146	2158

30.	फ़तेहपुर	85	69	1092
31.	बस्ती	73	77	1351
32.	संतकबीरनगर	55	63	853
33.	सिद्धार्थनगर	62	76	1310
34.	मिर्जापुर	120	112	1031
35.	संत रविदास नगर	37	33	723
36.	सोनभद्र	84	71	786
37.	गाजीपुर	168	76	1604
38.	चंदौली	130	72	861
39.	जौनपुर	160	139	2076
40.	वाराणसी	40	32	1298
41.	उन्नाव	39	87	1271
42.	रायबरेली	122	104	1135
43.	लखनऊ	32	43	1185
कुल		**3409**	**3390**	**47255**

*****

अनुबंध-II

लोक सभा मे दिनांक 05.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2771 के भाग (ख) के उत्तर मे उल्लिखित अनुबंध

उत्तर प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान खरीदे गए गेहूं और धान का ज़िलेवार विवरण

खरीदे गए गेहूं का ज़िलेवार विवरण				
क्र. सं.	जिला	रबी विपणन सीजन में कुल खरीद (टन में)		
		2024-25	2025-26	2026-27
1.	अमेठी	27257.45	11142.311	8331.38
2.	अंबेडकरनगर	31730.69	9346.89	8512.556
3.	अयोध्या	20742.22	7551.50385	2942.12368
4.	बाराबंकी	25070.87	10081.975	7737
5.	सुल्तानपुर	23266.61	5500.082	4333.268
6.	अलीगढ	41602.84	16337.27	21500.9395
7.	एटा	28442.83	12019.463	6532.548
8.	कासगंज	11464.93	5507.512	4208.218
9.	हाथरस	16561.95	7316.7625	5214.0582
10.	आगरा	16630.91	8849.077	3343.396
11.	फिरोजाबाद	18611.82	11641.942	7381.426
12.	मथुरा	32934.22	14785.071	11477.4612
13.	मैनपुरी	26788.13	17803.256	10442.025
14.	आजमगढ़	36382.19	12267.536	15866.9942
15.	बलिया	34387.24	9864.4	14205.914
16.	मऊ	20621.85	9175.928	14097.48
17.	इटावा	21078.99	11849.294	5946.359
18.	औरैया	18533.44	11332.932	5195.454
19.	कन्नौज	9291.12	5476.174	2569.97222
20.	कानपुर देहात	28650.33	9142.439	3741.78
21.	कानपुर नगर	20184.60	10480.237	4136.285
22.	फर्रुखाबाद	11522.43	6722.299	5342.641
23.	कुशीनगर	13901.88	5547.6406	3315.615
24.	गोरखपुर	24630.98	8127.621	7791.146
25.	देवरिया	23328.91	6020.562	6845.2275
26.	महाराजगंज	37551.17	19858.5997	22590.11755
27.	चित्रकूट	18486.74	5713.874	4199.0621
28.	बांदा	33952.89	12330.83	12659.305
29.	महोबा	36751.65	18869.8	14310.1
30.	हमीरपुर	50985.15	31084.39	26639.11968
31.	जालौन	56244.96	30437.4	31692.504
32.	झांसी	82575.85	41628.46	25054.12
33.	ललितपुर	62987.55	16732.6	12831.15
34.	गोंडा	28360.84	13043.945	8566.686
35.	बलरामपुर	21607.11	6956.794	4871.328

36.	बहराईच	44405.01	37361.3938	20440.7643
37.	श्रावस्ती	18102.65	9123.215	8484.084
38.	कौशांबी	32293.83	8164.17	5356.17
39.	प्रतापगढ़	29161.07	4739.52	3866.09
40.	प्रयागराज	77990.80	15483.715	8109.7
41.	फ़तेहपुर	37420.48	12504.01	8276
42.	पीलीभीत	35654.81	42000.6701	41363.48
43.	बदायूं	40984.06	23999.8757	26065.561
44.	बरेली	50835.78	29614.156	36345.584
45.	शाहजहांपुर	70978.63	48568.192	70409.458
46.	बस्ती	20872.75	5646.096	7512.613
47.	संतकबीरनगर	13374.22	3406.166	3610.862
48.	सिद्धार्थनगर	21861.56	9383.80575	7551.5225
49.	गाजियाबाद	1779.45	1078.55	1234.7
50.	गौतमबुद्धनगर	5764.34	2292.1655	2626.711
51.	बुलन्दशहर	15519.97	11856.1244	9078.742
52.	बागपत	3051.37	1107.2	1475.22
53.	मेरठ	6119.65	4391	5121.88
54.	हापुड	4219.21	1782.4	2636.435
55.	अमरोहा	10453.27	5608.968	4004.214
56.	बिजनौर	17380.66	10035.706	10926.01
57.	मुरादाबाद	31133.98	21538.186	34436.9075
58.	रामपुर	36747.03	31007.229	40851.0896
59.	संभल	36061.74	21369.0422	27908.0226
60.	उन्नाव	24343.42	5731.882	3772.851
61.	खेरी	68216.51	47541.3694	31549.839
62.	रायबरेली	29745.06	9354.65	8349.3964
63.	लखनऊ	7884.04	3253.824	1179.85
64.	सीतापुर	50064.62	33567.9141	19037.829
65.	हरदोई	35340.10	19569.976	14721.705
66.	ग़ाज़ीपुर	36632.38	8382.8632	6995.62
67.	चंदौली	29743.89	8396.64	9678.054
68.	जौनपुर	32216.02	10764.791	9120.6115
69.	वाराणसी	8935.99	1910.765	1143.71
70.	मिर्जापुर	46620.48	20886.7802	20928.2
71.	संत रविदास नगर	10277.35	3237.67	1980.35
72.	सोनभद्र	26983.97	9779	15715.688
73.	मुजफ्फरनगर	16637.10	8430.9	9908.05
74.	शामली	13114.36	5799.2	5765.05
75.	सहारनपुर	44375.25	28104.262	29052.806
कुल		**2156420.18**	**1027320.91**	**931016.19**

*****

खरीदे गए धान का ज़िलेवार विवरण				
क्र. सं.	जिला	खरीफ़ विपणन सीज़न में कुल खरीद (मीट्रिक टन में)		
		2023-24	2024-25	2025-26
1.	अलीगढ	1065.86	1560.4	4499.97
2.	एटा	3615.43	6231.28	7999.55
3.	कासगंज	3148.33	7174.695	8999.64
4.	हाथरस	829.94	1169.728	3020.72
5.	आगरा	22.20	132.64	2.2
6.	फिरोजाबाद	513.28	471.24	3499.82
7.	मथुरा	2415.52	3796.73	2048.85
8.	मैनपुरी	1001.85	1336.535	3458.32
9.	जालौन	0.00	68.08	726.91
10.	झांसी	1328.36	1964.08	1915.96
11.	ललितपुर	0.00	0.00	0.00
12.	पीलीभीत	213211.48	239868.19	252666.04
13.	शाहजहांपुर	26213.40	35529.04	44723.16
14.	बरेली	117758.31	125245.701	176999.96
15.	शाहजहांपुर	292222.45	303649.897	329999.37
16.	गाजियाबाद	0.00	0.00	0.00
17.	गौतमबुद्धनगर	0.00	0.00	158.32
18.	बुलन्दशहर	86.08	73.08	182.44
19.	बागपत	0.00	0.00	0.00
20.	मेरठ	91.08	4	22.48
21.	हापुड	0.00	0.00	0.00
22.	अमरोहा	8453.70	13230.475	13919.04
23.	बिजनौर	48404.79	48730.42	63645.11
24.	मुरादाबाद	94998.65	100001.748	105595.62
25.	रामपुर	254770.63	203438.447	184269.46
26.	संभल	54441.46	63073.5661	69920.89
27.	खेरी	189412.55	131686.1545	205028.17
28.	सीतापुर	142844.72	111903.004	163994.51
29.	हरदोई	214831.86	234745.863	200590.1
30.	मुजफ्फरनगर	1049.48	1713.48	3735.93
31.	शामली	54.44	30.9	83.92
32.	सहारनपुर	4417.40	4544.033	7298.8
33.	अमेठी	126174.28	139561.961	153419.91
34.	अंबेडकरनगर	135572.04	156403.8301	162647.23
35.	अयोध्या	66439.14	60339.902	67962.75
36.	बाराबंकी	137003.37	161957.594	211773.28

37.	सुल्तानपुर	113421.11	119704.168	124958.03
38.	आजमगढ़	54549.59	63036.0194	67911.07
39.	बलिया	107194.77	121740.8122	117847.28
40.	मऊ	50999.10	62183.102	61464.15
41.	इटावा	14593.66	17304.29	22416.76
42.	औरैया	24316.87	32326.408	33009.78
43.	कन्नौज	25062.01	29833.913	32990.86
44.	कानपुर देहात	50560.58	69143.27	68770.3
45.	कानपुर नगर	56759.23	66335.6458	59253.91
46.	फर्रुखाबाद	10370.15	11678.078	14092.02
47.	कुशीनगर	72141.72	95082.4475	107575.46
48.	गोरखपुर	141489.53	162080.2322	190413.4
49.	देवरिया	104143.46	129827.0701	101803.57
50.	महाराजगंज	193885.52	229535.9121	232424.43
51.	चित्रकूट	6679.48	6986.946	12687.83
52.	बाँदा	33662.33	29055.53	43764.97
53.	महोबा	0.00	0.00	0.00
54.	हमीरपुर	1989.18	1812.84	6057.04
55.	गोंडा	101446.00	117284.574	120513.64
56.	बलरामपुर	28370.87	39684.149	41114.17
57.	बहराईच	169218.71	196798.5879	213515.73
58.	श्रावस्ती	39472.45	43311.125	38180.78
59.	कौशांबी	56779.14	43204.945	62635.01
60.	प्रतापगढ़	83924.77	94069.618	106605.26
61.	प्रयागराज	222032.96	271815.9382	290336.39
62.	फ़तेहपुर	90774.70	100953.9962	109803.68
63.	बस्ती	94272.67	68560.3412	66516.27
64.	संतकबीरनगर	76906.03	70600.94722	52320.46
65.	सिद्धार्थनगर	119590.89	86388.9093	72594.45
66.	मिर्जापुर	133284.70	188507.781	211603.28
67.	संत रविदास नगर	33257.00	19887.308	28840.55
68.	सोनभद्र	101571.32	119816.6952	125837.34
69.	उन्नाव	29460.55	32390.35	26910.66
70.	रायबरेली	156237.74	170807.8732	180187.26
71.	लखनऊ	20750.33	17565.235	21013.77
72.	गाजीपुर	211477.79	253081.0674	266615.96
73.	चंदौली	227838.23	239075.1212	239487.02
74.	जौनपुर	146703.27	154030.846	163702.16
75.	वाराणसी	32452.38	35532.3052	40152.53
कुल		**5380032.82**	**5770671.09**	**6230735.64**

*****

अनुबंध-III

लोक सभा मे दिनांक 05.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2771 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर मे उल्लिखित अनुबंध

भंडारण अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण

वित्तीय वर्ष	आवंटित बजट (लाख में)			व्यय (लाख में)		
	एआरएमओ	एमसीडब्ल्यू (इक्विटी)	एमसीडब्ल्यू (आंतरिक स्रोत)	एआरएमओ	एमसीडब्ल्यू (इक्विटी)	एमसीडब्ल्यू (आंतरिक स्रोत)
2023-24	600.00	4267.00	0	595.13	4266.23	0
2024-25	585.00	4991.68	650.00	584.89	4991.61	650.00
2025-26	1540.00	5680	112.70	1539.92	5679.68	111.70
कुल	2725.00	14938.68	762.70	2719.94	14937.52	761.70

*****